भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3803
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**मध्य प्रदेश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट का विकास**

**†3803. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विशेष रूप से मध्य प्रदेश राज्य में थीम आधारित पर्यटन सर्किट विकसित करने के लिए स्वदेश दर्शन योजना को क्रियान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने खजुराहो लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कटनी, पन्ना जिलों और खजुराहो शहर में पर्यटन स्थलों की पहचान कर उन्हें विकसित किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पर्यटन को बढ़ावा देने तथा बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन कर मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों में सहयोग करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के माध्यम से मध्य प्रदेश राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य चिह्नित विषयगत परिपथों के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी देकर पर्यटन अवसंरचना का विकास करना था। यह वित्तीय सहायता राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से प्रदान की जाती थी।

मध्य प्रदेश राज्य के लिए चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, जिसमें पन्ना और खजुराहो का विकास भी शामिल था।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है, जिसका उद्देश्य गंतव्य और पर्यटक-कैंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करना है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के दिशानिर्देशों के अंतर्गत मध्य प्रदेश में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय अपने घरेलू संवर्धन एवं प्रचार सहित आतिथ्य (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता रहा है।

उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा मध्य प्रदेश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के विकास के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3803 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**"मध्य प्रदेश" राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - दुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 2. | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 3. | विरासत परिपथ | 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 4. | इको परिपथ | 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 |

**"मध्य प्रदेश" राज्य के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 29-02-2024 |
| 2. | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 05-03-2024 |

**मध्य प्रदेश राज्य के लिए प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 2. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |

**"मध्य प्रदेश" राज्य के लिए 'अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी | 29-09-2020 | 2315.30 |

**"मध्य प्रदेश" राज्य के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास - पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव, ओरछा | 99.92 |
| 2. | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |

**मध्य प्रदेश राज्य में घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के तहत समर्थित मेलों, महोत्सवों और आयोजनों का विवरण:**

| वर्ष | मेलों एवं त्यौहारों का नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | बैगा ओलंपिक | 20.00 |
| 2021-22 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी | 10.00 |
| | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 |
| | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 |
| 2022-23 | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 |
| | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 |
| 2023-24 | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 22.12 |
| | नर्मदा महोत्सव | 10.00 |
| | गांधी सागर फ्लोटिंग महोत्सव | 35.00 |
| 2024-25 | कुनो वन महोत्सव | 25.00 |
| | चंदेरी महोत्सव | 25.00 |
| | जल महोत्सव-हनुवंतिया | 30.00 |

*****